खाटू वाला खड़ा हर पहर फिर क्यूं भटके है तू दरबदर लिरिक्स

खाटू वाला खड़ा हर पहर,
फिर क्यूं भटके है तू दरबदर,
दुनिया वाले सुने ना सुने,
तेरी बाबा ही लेगा खबर,
खाटु वाला खड़ा हर पहर,
फिर क्यूं भटके है तू दरबदर।bd।

तर्ज – जिंदगी की ना टूटे।

इतना विश्वास रख बावरे,
ऐसा दाता ना संसार में,
ये संभालेगा आकर तुझे,
कैसे डूबेगा मझधार में,
अपने भक्तों की इनको फिकर,
तेरी बाबा ही लेगा खबर,
खाटु वाला खड़ा हर पहर,
फिर क्यूं भटके है तू दरबदर।bd।

तेरी चौखट पे आते रहे,
छोड़ दरबार कैसे रहे,
कोई सुनता ना दुखड़े मेरे,
हम जाकर के किससे कहें,
यूं ही जीवन जाये ना गुजर
तेरी बाबा ही लेगा खबर,
खाटु वाला खड़ा हर पहर,
फिर क्यूं भटके है तू दरबदर।bd।

यहां होती है देर मगर,
पर अंधेर हैं ना यहां,
चाहे आये मुसीबत कोई,
छोड़ तुझको मैं जाऊं कहां,
सुरेश अब ना तू करना फिकर,
तेरी बाबा ही लेगा खबर,
खाटु वाला खड़ा हर पहर,
फिर क्यूं भटके है तू दरबदर।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

खाटू वाला खड़ा हर पहर,
फिर क्यूं भटके है तू दरबदर,
दुनिया वाले सुने ना सुने,
तेरी बाबा ही लेगा खबर,
खाटु वाला खड़ा हर पहर,
फिर क्यूं भटके है तू दरबदर।bd।

Singer – Khagesh Dadsena

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com